

# इटली को 24 रन से हराकर 'सुपर-8' में पहुंचा इंग्लैंड




**कोलकाता, 16 फरवरी. इंग्लैंड ने सोमवार को टी20 वर्ल्ड कप 2026 के 29वें मुकाबले में इटली के खिलाफ 24 रन से जीत दर्ज की. टूर्नामेंट में तीसरी जीत के साथ इंग्लैंड ने %सुपर-8% में जगह बना ली है. इंग्लैंड के अलावा ग्रुप-सी से वेस्टइंडीज भी अगले दौर के लिए क्वालीफाई कर चुकी है.**

ईडन गार्डन्स में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम ने 7 विकेट खोकर 202 रन बनाए. इस टीम के लिए फिलिप सॉल्ट ने जोस बटलर के साथ पहले विकेट के लिए 21 रन जोड़े. बटलर महज 3 रन बनाकर आउट हुए, जबकि सॉल्ट ने 28 रन का योगदान टीम के खाते में दिया. यह टीम 105 के स्कोर तक अपने 5 विकेट खो चुकी थी, जहां से विल जैक्स ने सैम करन के साथ छठे विकेट के लिए 25 गेंदों में 54 रन की साझेदारी करते हुए टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया. जैक्स 22 गेंदों में 4 छक्कों और 3 चौकों के साथ 53 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि करन ने 19 गेंदों में 25 रन का योगदान दिया.

विपक्षी खेमे से ग्रांट स्टीवर्ट और क्रिशन कलुगामागे ने 2-2 विकेट निकाले. इसके जवाब में इटली की टीम 178 रन पर सिमट गई. इस टीम ने महज 22 के स्कोर तक अपने 3 विकेट खो दिए थे. यहां से जस्टिन मोस्का ने बेन मेनेंटी के साथ चौथे विकेट के लिए 48 गेंदों में 92 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 114 के स्कोर तक पहुंचाया. बेन मेनेंटी 25 गेंदों में 6 छक्कों और 4 चौकों के साथ 60 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद मोस्का ने ग्रांट स्टीवर्ट (45) के साथ छठे विकेट के लिए 21 रन जुटाकर टीम को 135 के स्कोर तक पहुंचा दिया.



## भारत के खिलाफ पाकिस्तान की रणनीति फेल : अश्विन

**नई दिल्ली.** भारत ने पाकिस्तान के विरुद्ध टी20 वर्ल्ड कप 2026 के हाई-वोल्टेज मैच में 61 रन से जीत दर्ज की. भारत के पूर्व स्पिन-बॉलिंग ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन ने पाकिस्तान की इस करारी हार का विश्लेषण करते हुए टॉस को मैच का अहम पल बताया है. रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने के पाकिस्तान के फैसले ने भारत को उस पिच पर अहम फायदा दिया, जहां पूरे टूर्नामेंट में लक्ष्य का पीछा करना मुश्किल रहा है. अश्विन ने अपने यू-ट्यूब चैनल 'अश्विन' पर कहा, 'पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, क्योंकि हमने ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे के बीच मुकाबला देखा था.

# जयपुर पोलो टीम ने सिरमौर कप जीता



**जयपुर, 16 फरवरी जयपुर पोलो टीम ने शानदार परफॉर्मेंस देते हुए कैरीसिल सुहाना को 14-10 से हराया और रैफल्स सिरमौर कप जीता. इस तरह छह चक्करों में अटैकिंग दबदबे और लगातार नियंत्रण के साथ सीजन का अपना आठवां खिताब जीता.**

कैरीसिल सुहाना ने तेज शुरुआत की, शुरुआती दबाव बनाया और तेजी से हुए बदलावों का फायदा उठाते हुए पहले चक्कर के आखिर में 3-1 की बढ़त बना ली. जयपुर ने दूसरे चक्कर में फिर से टीम बनाई, पजेशन में बेहतर रिदम पाया और अपने रक्षा कवच को मजबूत किया, लेकिन कैरीसिल ने हाफटाइम तक 4-3 की बढ़त बनाए रखी. टर्निंग पॉइंट तीसरे चक्कर में आया. जयपुर ने जोरदार तरीके से गियर बदला. तेजी से बॉल मूवमेंट और तेज तर्रार फॉरवर्ड प्ले से कई गोल किए. लांस वॉटसन ने गोल के सामने क्लिनिकल प्रिसिजन के साथ चार्ज का नेतृत्व किया, जिसमें मैनुअल फर्नांडीज लोरेंटे का अच्छा साथ मिला. तीसरे चक्कर के आखिर तक, जयपुर 8-6 से आगे हो गया था, और उसने अपने दम पर कमी को पूरा किया. चौथे चक्कर में दोनों टीमें एक तकनीकी लड़ाई में उलझी हुई थीं, जिसमें रक्षात्मक अनुशासन हावी रहा और स्कोर 8-6 पर ही रहा.

> लांस वॉटसन ने नौ गोल करके शानदार परफॉर्मेंस दी, जिससे जयपुर का अटैकिंग दबदबा बना रहा. मैनुअल फर्नांडीज लोरेंटे ने चार जरूरी गोल किए, जबकि जयपुर के महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने एक गोल किया. टीम ने अनुभव, तकनीकी अनुशासन और आक्रामक अंदाज को मिलाकर रैफल्स सिरमौर कप में जीत हासिल की और इस शानदार सीजन का अपना आठवां खिताब जीता.

### एक नजर में

## सूर्यकुमार ने इशान की बल्लेबाजीं सराहना की




**कोलंबो.** भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी करने इशान किशन और गेंदबाजों की सराहना की.' पाकिस्तान पर 61 रनों से जीत दर्ज करने के बाद सूर्यकुमार ने कहा, ' यह जीत के लिए भारत के लिए है. लेकिन हम इसी तरह की क्रिकेट खेलना चाहते हैं और टॉस के दौरान जैसा कि मैंने कहा था कि हम पहले बल्लेबाजी ही करना चाहते थे. शुरुआत में हमने विकेट गंवा दिया था लेकिन किशन ने बढ़िया बल्लेबाजी की. 155 का स्कोर मुकाबले को करीबी बना सकता था लेकिन 175 पार स्कोर था. तिलक, रिंकू, शिवम सबने बढ़िया बल्लेबाजी की और गेंदबाजी में सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया. ' वहीं प्लेयर ऑफ द मैच इशान किशन ने कहा, 'विकेट इतनी आसान नहीं थी लेकिन आपको अपने आप पर विश्वास रखना होता है इसलिए मैं केवल गेंद को देखकर खेलने का प्रयास कर रहा था. मैंने ऑफ साइड गेम पर बेहद काम किया है, यह बड़ा ग्राउंड है और यहां गैप भी मिलता है इसलिए मैं गैप में खेलने की कोशिश कर रहा था. भारत बनाम पाकिस्तान मुकाबला हमेशा खास होता है, न केवल हमारे लिए बल्कि हमारे देश के लिए भी.

## टी-20 में 700 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने राशिद



**नयी दिल्ली.** अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान टी-20 क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं. राशिद ने आज यहां संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ टी-20 विश्व कप मैच में मोहम्मद अरफ़ान को आउट कर यह उपलब्धि हासिल की. मैच से पहले राशिद के नाम 699 विकेट थे. उन्होंने यूएई की पारी के 16वें ओवर में अरफान को हिट विकेट कराकर अपना ऐतिहासिक 700वां विकेट लिया. अफगानिस्तान के कप्तान को इस मील के पत्थर तक पहुंचने के लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ा. पिछले सप्ताह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने 698वां और 699वां विकेट लिया था, लेकिन इस मैच में शुरुआती 3 .2 ओवर उनके बिना सफलता के गए. उन्होंने पहले 20 गेंदों में 17 रन दिए. फिर अरफान रिवर्स स्वीप खेलने के लिए घूमे, लेकिन शॉट को मिस किया और फिर बैलेंस होने के चक्कर में स्टंप को टच कर बैठे. इस मामले में संन्यास ले चुके ड्वेन ब्रावो 631 विकेट के साथ दूसरे स्थान पर हैं. सक्रिय खिलाड़ियों में सुनील नारायण 613 विकेट के साथ राशिद से पीछे और ब्रावो के बाद तीसरे स्थान पर हैं.

## 'गेम अवेयरनेस' लेकर आए हैं सूर्यकुमार : सुनील



**नई दिल्ली.** भारतीय क्रिकेट टीम ने रविवार को कोलंबो में खेले गए ग्रुप स्टेज के मुकाबले में पाकिस्तान को 61 रन से हरा दिया. पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने टीम इंडिया की जीत के बाद भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव की प्रशंसा की है. सुनील गावस्कर ने कहा कि मैच के दौरान सूर्यकुमार यादव ने परिस्थितियों के मुताबिक निर्णय लिए. गावस्कर ने कहा, 'आपको मैच की स्थिति के मुताबिक खेलना होता है, और कप्तान सूर्यकुमार यादव ने यही किया है. उन्होंने फ्रंट से लीड किया है. यूएसए के खिलाफ जब इंडिया 77 रन पर 6 विकेट गंवाकर मुश्किल में थी, तो सूर्या ने टीम को बचाया. जब वह पाकिस्तान के खिलाफ बल्लेबाजी करने आए तो भारत का स्कोर 88-2 था. उन्होंने 19वें ओवर तक बल्लेबाजी की और अहम 32 रन बनाए. उनकी स्ट्राइक रेट जरूर कम थी, लेकिन उन्होंने एक तरफ से विकेट बचाए रखा, जो अहम था.' पूर्व कप्तान ने कहा कि अन्य टीमें समझती हैं कि टी20 में आप डॉट गेंद नहीं खेलना चाहते. आप हमेशा डॉट गेंद की संख्या कम करना चाहते हैं, लेकिन आप छक्के मारने की कोशिश में अपना विकेट भी नहीं गंवाना चाहते. मैच की स्थिति, पिच, और यहां तक कि हवा किस तरफ बह रही है, इसकी जानकारी होना जरूरी है. सूर्यकुमार यादव इस भारतीय टीम में यह जानकारी लाए हैं.



## देवदत्त पड़िक्कल के शतक से बना कर्नाटक का विशाल स्कोर

**लखनऊ.** देवदत्त पड़िक्कल (232) और आर स्मरण (नाबाद 121) की शानदार पारियों की बदौलत कर्नाटक ने रणजी ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल के दूसरे दिन सोमवार को उत्तराखंड के खिलाफ स्टंप के समय छह विकेट पर 689 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है. आज यहां कर्नाटक ने कल के दो विकेट पर 355 रनों से आगे खेलना शुरु किया. सुबह के सत्र में कर्नाटक का तीसरा विकेट करुण नायर (60) के रूप में गिरा. इसके बाद कप्तान देवत्त पडिक्कल ने अपना दोहरा शतक पूरा किया. वह चौथे विकेट के रूप में आउट हुये. उन्होंने 330 गेंदों में 29 चौके और तीन छक्कों की मदद से 232 रन की पारी खेली. श्रेयस गोपाल (शून्य) और कृतिक कृष्णा (60) रन बनाकर आउट हुये.

# टी-20 विश्वकप : अफगानिस्तान ने यूएई को पछाड़ा




**नयी दिल्ली 16 फरवरी अजमतउल्लाह ओमरजई (चार विकेट/ नाबाद 40 रन), इब्राहिम जदरान (53) और डरविश रसूली (33) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत अफगानिस्तान ने सोमवार को टी-20 विश्वकप के 28वें मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात को चार गेंदे शेष रहते पांच विकेट हरा कर टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज की.**

161 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और उसने पहले ही ओवर में रहमानउल्लाह गुरबाज (शून्य) का विकेट गंवा दिया. इसके बाद इब्राहिम जदरान और गुलबदीन नईब की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 40 रन जोड़े. छठे ओवर में मुहम्मद इरफान ने गुलबदीन नईब (13) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया. सेदिक़ुल्लाह अटल (16) रन बनाकर तीसरे विकेट के रूप में आउट हुये. इस दौरान इब्राहिम जरदान एक छोर थामे रन बनाते रहे और उन्होंने अपना अर्धशतक भी पूरा किया. 14वें ओवर में इरफान ने इब्राहिम जदरान को आउटकर अफगानिस्तान को बड़ा झटका दिया. इब्राहिम जरदान 41 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए 53 रनों की पारी खेली. डरविश रसूली ने 23 गेंदों में तीन चौके ओर एक छक्का लगाते हुए 33 रन बनाये. अफगानिस्तान ने 19.2 ओवर में पांच विकेट पर 162 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से अपने नाम किया.

> अजमतउल्लाह ओमरजई ने 21 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद 40 रनों की मैच विजयी पारी खेली. यूएई के लिए जुनैद सिद्दीकी ओर मुहम्मद इरफान ने दो-दो विकेट लिये. मुहम्मद जवादुल्लाह ने एक बल्लेबाज को आउट किया. इससे पहले आज यहां सोहैब खान (68) और आलीशान शराफु (40) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने अफगानिस्तान के खिलाफ नौ विकेट पर 160 रनों का स्कोर खड़ा किया. अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. बल्लेबाजी करने उतरी यूएई की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 13 के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिये.

# शिकोंगो चोटिल, वोल्शेंक नामीबिया में शामिल



बेन शिकोंगो





एलेक्स वोल्शेंक

**कोलंबो 16 फरवरी नामीबिया ने भारत और श्रीलंका में चल रहे टी-20 विश्व कप 2026 के बाकी मैचों के लिए बेन शिकोंगो की चोट के कारण उनकी जगह एलेक्स वोल्शेंक को बुलाया है.**

12 फरवरी को भारत के खिलाफ मैच में दाहिनी जांघ में चोट लगने के कारण शिकोंगो के बाहर होने पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने वोल्शेंक को रिप्लेसमेंट के तौर पर मंजूरी दी है. नामीबिया का आखिरी मैच 18 फरवरी को कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ होगा. स्कॉटलैंड ने सफ्यान शरीफ की जगह जैक जार्विस को अपनी टीम में शामिल किया है.

जार्विस ने स्कॉटलैंड के लिए आठ टी-20 मैच खेले हैं और वह पहले से ही टीम के साथ ट्रैवलिंग रिजर्व के तौर पर थे. 12 फरवरी को टीम ट्रेनिंग सेशन के दौरान सीमर शरीफ के दाहिने ग्रोइन में चोट लग गई.




# चोट के कारण हेजलवुड विश्वकप से हुए बाहर

**पल्लेकेले, 16 फरवरी ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउडर जॉश हेजलवुड पिंडली की चोट के कारण टी-20 विश्वकप 2026 से बाहर हो गये है. उनकी जगह टीम में स्टीव स्मिथ को शामिल किया गया है.**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को हेजलवुड के रिप्लेसमेंट को मंजूरी दे दी. हेजलवुड की जगह स्टीव स्मिथ को टीम में शामिल किया गया है. इसी के साथ हेजलवुड पिंडली की चोट के कारण टूर्नामेंटआधिकारिक रूप से बाहर हो गए हैं.

ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने हेजलवुड को टीम में जगह दी थी और टीम के चिकित्सा दल को उम्मीद थी कि वह टूर्नामेंट में खेलने के लिए समय पर फिट हो जाएंगे, लेकिन वे कामयाब नहीं हुए.

आईसीसी की तकनीकी समिति ने हेजलवुड के रिप्लेसमेंट की मंजूरी दी है. इसी के आधार पर स्टीव स्मिथ को आधिकारिक रूप से टीम में शामिल कर लिया गया.

**सम्मान** ▶ रेखा गुप्ता ने दिल्ल खेल महाकुंभ के उद्घाटन के समय खिलाड़ियों को नकद पुरस्कर दिये

# खो-खो विश्व कप विजेता खिलाड़ियों को 75 लाख




**नयी दिल्ली, 16 फरवरी खो खो विश्वकप 2025 में को भाग ले चुके दिल्ली के तीन खो-खो खिलाड़ियों, मेहुल, अंशु कुमारी और नसरीन, को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 75-75 लाख रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया.**

रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को दिल्ल खेल महाकुंभ के उद्घाटन के समय अवसर इन खिलाड़ियों को ये नकद पुरस्कर दिये.

भारत ने इस उद्घाटन टूर्नामेंट में पुरुष और महिला दोनों वर्गों में खिताब जीता. यह प्रतियोगिता 13 से 19 जनवरी 2025 तक नई दिल्ली के आईजी स्टेडियम में आयोजित की गई थी, जिसमें 23 देशों की 20 पुरुष और 19 महिला टीमें शामिल हुईं, सभी छह महाद्वीपों से प्रतिनिधित्व मिला.

21 वर्षीय मेहुल ने इस वर्ष ओपन स्कूलिंग के माध्यम से कक्षा 12 की परीक्षा दी है. 18 वर्षीय अंशु तीन भाई-बहनों में सबसे छोटी हैं और पंजाब के फगवाड़ा स्थित लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी से स्पोर्ट्स में बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन की पढ़ाई कर रही हैं. 27 वर्षीय नसरीन भारतीय महिला राष्ट्रीय खो-खो टीम की पूर्व कप्तान हैं. खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया (केकेएफआई) के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने कहा कि खो-खो अब न सिर्फ पहचान देता है, बल्कि करियर के अवसर भी प्रदान करता है और युवा इस खेल में करियर बनाने के लिए आकर्षित हो रहे हैं. उन्होंने कहा, 'खो-खो अब एक आधुनिक खेल है, जो स्वदेशी रूप से डिजाइन किए गए अत्याधुनिक मैट पर खेला जाता है और इसमें प्रशिक्षण, पोषण, काउंसलिंग आदि सभी आयामों में स्पोर्ट्स साइंस के तत्व शामिल हैं.

> बढ़ती पहचान इस खेल की बढ़ती लोकप्रियता और राष्ट्रीय स्तर पर इसकी मजबूत उपस्थिति तथा वैश्विक स्तर पर इसके बढ़ते फुटप्रिंट का प्रमाण है.' श्री मित्तल ने कहा, 'मैं दिल्ली सरकार, विशेषकर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और मंत्री आशीष सूद को इस मान्यता के लिए धन्यवाद देता हूं. यह पुरस्कार खिलाड़ियों के लिए बड़ी मदद है और युवा एथलीटों को खो-खो में करियर बनाने के लिए प्रेरित करेगा.' केकेएफआई के महासचिव उपकार सिंह विरक ने कहा, 'यह एक महान सम्मान है कि हमारे खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धियों के लिए मान्यता मिल रही है. हम अपने खिलाड़ियों को सर्वोत्तम प्रशिक्षण और सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं.'